दिनांक 30.05.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

अतिवृष्टि बाढ़ से बचाव हेतु आपदा प्रबंधन के लिए आयुक्त एसके सुंदरानी ने गठित की टीम, कंट्रोल रूम की हुई स्थापना

भिलाईनगर/ कल अचानक हुए तेज हवाओं एवं बारिश के कारण कई जगह पानी जमा होने तथा वृक्ष टहनी गिरने की सूचना प्राप्त होते हैं निगम भिलाई की टीम मुस्तैदी के साथ व्यवस्थित करने में जुटी रही! महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव निगम की टीम से पल-पल की खबर लेकर दिशा निर्देश देते रहे! नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने आदेश जारी करते हुए अतिवृष्टि/बाढ़ से बचाव हेतु आपदा प्रबंधन के लिए बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ दल एवं कन्ट्रोल रुम की स्थापना की है आपदा प्रबंधन कार्य के नोडल अधिकारी अशोक द्विवेदी उपायुक्त को बनाया है। श्री सुंदरानी ने दल में कन्ट्रोल रुम प्रभारी अशोक द्विवेदी उपायुक्त एवं धर्मेन्द्र मिश्रा प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी, सहयोगी अधिकारी/कर्मचारी जयकुमार जैन , प्रकाश अग्रवाल, सैय्यद जियाउद्दीन, टहल राम साहू, कन्ट्रोल रुम में दुरभाष आॅपरेटर दिलीप यादव, सुबह 6 से 2 बजे तक, आनंद राम जोशी 2 से 10 बजे तक, चन्द्रशेखर डांगे, राजेश जांगड़े एवं एक सुरक्षा गार्ड रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक, मंगला जोशी सुबह 10.30 से 5.30 बजे तक, आपदा शिविर एवं राहत सामग्री के लिए आर 0के0 साहू अधीक्षण अभियंता एवं 05 सहयोगी अधिकारी/कर्मचारी , आपदा पेयजल आपूर्ति प्रभारी अधिकारी सत्येन्द्र सिंह अधीक्षण अभियंता एवं 04 सहयोगी अधिकारी/कर्मचारी, विद्युत व्यवस्था आर 0के0 साहू कार्यपालन अभियंता एवं 03 सहयोगी कर्मचारी, चिकित्सा दल प्रभारी अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी एवं 03 सहयोगी अधिकारी/कर्मचारी, जोन 01 नेहरु नगर प्रभारी अधिकारी बी 0के0 देवांगन जोन आयुक्त एवं 03 सहयोगी अधिकारी/कर्मचारी, जोन 02 वैशाली नगर प्रभारी अधिकारी सुनील जैन जोन आयुक्त एवं 03 सहयोगी अधिकारी/कर्मचारी, जोन 03 मदर टेरेसा नगर प्रभारी अधिकारी एम0पी0 साहू जोन आयुक्त एवं 03 सहयोगी अधिकारी/कर्मचारी, जोन 04 शिवाजी नगर प्रभारी अधिकारी संजय बागड़े जोन आयुक्त एवं 03 सहयोगी अधिकारी/कर्मचारी, जोन 05 सेक्टर-06 प्रभारी अधिकारी एम0पी0 देवांगन जोन आयुक्त एवं 03 सहयोगी अधिकारी/कर्मचारी, जोन 06 रिसाली प्रभारी अधिकारी डी 0के0 वर्मा जोन आयुक्त एवं 04 सहयोगी अधिकारी, कर्मचारी, वाहन नियंत्रण कक्ष प्रभारी संजय शर्मा कार्यपालन अभियंता एवं 03 सहयोगी अधिकारी/कर्मचारी, स्वास्थ्य शिविर व्यवस्था प्रभारी अधिकारी के0के0 सिंह स्वच्छता निरीक्षक एवं 01 सहयोगी अधिकारी/कर्मचारी 01 होंगे। श्री सुंदरानी ने निर्देशित किया है कि कन्ट्रोल रुम 24 घण्टे खुला रहेंगे एवं अतिवृष्टि के दौरान कन्ट्रोल रुम में प्राप्त होने वाले शिकायतों का निराकरण तत्काल संबंधितों की जानकारी में करने , प्रभार क्षेत्रों में आपदा शिविर स्थलों को चिन्हित कर आवश्यकतानुसार व्यवस्था सुनिश्चित करने , अतिवृष्टि एवं बाढ़ से बचाव हेतु प्रत्येक जोन के जोन आयुक्त एवं उनके सहयोगी अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करेंगे एवं जोन में सतत् भ्रमण कर निगरानी रखने , जोनवार निचले क्षेत्रों में जहां अतिवृष्टि के दौरान पानी भरने की समस्या आती है ऐसे चिन्हित स्थानों में सतत् निगरानी रखी जाये एवं पूर्व से बचाव दल को आवश्यक निर्देश देने, तैराकी दल की व्यवस्था रखने , स्वास्थ्य अधिकारी वर्षा ऋतु के पूर्व सभी प्रमुख बड़े नालों/ नालियों की तली से सफाई कार्य पूर्ण करने , बचाव दल के सदस्यों का नाम , पते, मोबाईल नम्बर संधारित करने, सभी जोन आयुक्त द्वारा जोनवार अतिवृष्टि से प्रभावित होने वाले पीड़ितों को ठहराये जाने वाले स्थानों/भवनों का निरीक्षण कर भवन में बिजली , पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने ,

निगम क्षेत्र में स्थित अस्पताल एवं औषधालयों में पर्याप्त आवश्यक दवाईयां उपलब्ध रखा जावे एवं पीड़ित मरीजों के लिए शिविर लगाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चत करने , तोड़फोड़ दस्ता एवं तोड़फोड़ प्रभारी आवश्यकतानुसार इस कार्य के लिए संलग्न रहेंगे मुख्य कन्ट्रोल रुम फोन नम्बर 0788-2296212, 1800-2334242 मोबाईल नम्बर 7898632589, 77250-35306 में सम्पर्क किया जा सकता है।

जनसम्पर्क अधिकारी

’’जल है तो कल है’’ ’’जल ही जीवन है’’